# कार्यालय – प्राचार्य

## मदनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला, जिला –बालोद (छ.ग.)

email id : govtcollegearm@gmail.com
website: www.gc-armarikala.in

अरमरीकला, दिनांक – 06/09/2022

## //संशोधित सूचना//

पोष्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की सूचना दिनांक 05/09/2022 को संशोधित करते हुए मदनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला के स्थायी प्रवेशित छात्र/छात्राओं द्वारा पोष्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात् आवेदन की हार्डकापी एवं आवश्यक दस्तावेज निम्नलिखित अतिथि व्याख्याताओं के पास निम्न निर्धारित तिथि के अनुसार दोपहर 01:40 से लेकर 04:00 बजे के मध्य जमा करेगें।

| क्रं. | कक्षा | प्रभारी अतिथि व्याख्याता का नाम | महाविद्यालय में आवेदन की हार्डकापी जमा करने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 01 | गणित एवं कम्प्यूटर समूह बी.एस.सी. भाग एक, दो एवं तीन | सुश्री रितू साहू अतिथि व्याख्याता कम्प्यूटर सांइस | 12/09/2022 से 16/09/2022 तक |
| 02 | बायो समूह बी.एस.सी. भाग एक | श्री संतोष देवांगन अतिथि व्याख्याता रसायनशास्त्र | 12/09/2022 से 16/09/2022 तक |
| | बायो समूह बी.एस.सी. भाग दो | | 17/09/2022 से 22/09/2022 तक |
| 03 | बायो समूह बी.एस.सी. भाग तीन | सुश्री रितू साहू अतिथि व्याख्याता कम्प्यूटर सांइस | 19/09/2022 से 23/09/2022 तक |
| 04 | बी.कॉम. भाग एक दो एवं तीन | श्री लीकेश्वर प्रसाद अतिथि व्याख्याता वाणिज्य | 13/09/2022 से 17/09/2022 तक |
| 05 | बी.ए. भाग – एक | सुश्री वंदना ध्रुव अतिथि व्याख्याता अर्थशास्त्र | 14/09/2022 से 19/09/2022 तक |
| 06 | बी.ए. भाग – दो | श्री कमलेश्वर साहू अतिथि व्याख्याता अंग्रेजी | 15/09/2022 से 20/09/2022 तक |
| 07 | बी.ए. भाग – तीन | डॉ. आशीष द्विवेदी अतिथि व्याख्याता राजनीति विज्ञान | 16/09/2022 से 22/09/2022 तक |

नोट :– आवेदन जमा लेने वाले समस्त प्रभारी आवेदन एवं दस्तावेज का निरीक्षण कर ही जमा लेवें। अपूर्ण एवं त्रुटी वाले आवेदन पुनः सुधार कर आवेदक को जमा करने हेतु निर्देशित करें।

प्राचार्य
Principal
Madan Lal Sahu Govt. College
Armarikala, Dist. Balod (C.G.)

प्रतिलिपि :– 1. समस्त प्रभारी/अतिथि व्याख्याता को आवश्यक कार्यवाही बाबत्।
2. छात्र/छात्राओं को सूचनार्थ एवं आवेदन निर्धारित तिथि तक जमा करने बाबत्।
3. सूचना पटल पर सूचनार्थ बाबत्।
4. श्रीमती छायारानी साहू, श्री मनीष सागर एवं श्री दुर्गेश देवदास को सूचनार्थ एवं प्रभारी (जमा) से प्रत्येक दिवस आवेदन प्राप्त कर शासन के वेवसाइट पर वेरीफाई एवं सेन्सन की कार्यवाही बाबत्।

ARM_SUCHNA_2022-23 _ **34**

Principal
Madan Lal Sahu Govt. College
Armarikala, Dist. Balod (C.G.)

## कार्यालय – प्राचार्य

# मदनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला, जिला –बालोद (छ.ग.)

email id : govtcollegearm@gmail.com website: www.gc-armarikala.in

दिनांक – 16/08/2022

## //सूचना//

महाविद्यालय में अध्ययनरत् नियमित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ वर्ग के समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि कार्यालय आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास छ.ग. रायपुर द्वारा नवीन एवं नवीनीकरण पोस्ट मैटिक छात्रवृत्ति हेतु **http://postmatric scholarship.cg.nic.in** पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन प्रारंभ किया जा चुका है। छात्र/छात्राऍं ऑनलाईन आवेदन भरकर आवेदन की हार्डकॉपी निम्न लिखित आवश्यक दस्तावेज सहित **श्रीमती छायारानी साहू**, प्रयोगशाला तकनीशियन, के पास दिनांक – **30/09/2022** तक कार्यालयीन दिवसो में प्रतिदिन दोपहर 1:30 से 05:00 बजे तक अनिवार्य रूप से जमा करें।

| क्रं. | प्रक्रिया | ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 01 | **विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन हेतु (नवीन एवं नवीनीकरण)** | **30/09/2022 तक** |

**संलग्नक :–**

01. ऑनलाइन आवेदन का प्रिंटआउट एवं पासपोर्ट साइज फोटो। (विद्यार्थी Academic Year 2022-23, Institute Name – Madan Lal Sahu Govt. College Armarikala -Distt- Balod C.G. ध्यानपूर्वक भरें)
02. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र की मूल प्रति जमा करें एवं शेष प्रमाण पत्रो की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।
03. बैंक पासबुक की मूल एवं छायाप्रति लाना अनिवार्य है। (बैंक पासबुक में जून 2022 से वर्तमान माह तक राशि जमा एवं आहरण का पूर्ण विवरण प्रविष्टि अनिवार्य रूप से करावें एवं ट्रांजेक्शन की छायाप्रति संलग्न करें।)
04. स्थाई जाति प्रमाण–पत्र एवं निवास प्रमाण–पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किये गये प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें।
05. पिछली उत्तीर्ण परीक्षा की अंकसूची स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।
06. आधार कार्ड की छायाप्रति एवं महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क रसीद की छायाप्रति। **बैंक खाता आधार कार्ड अनिवार्य रूप से लिंक होना चाहिए। बैंक खाता आधार कार्ड से लिंक नही होने पर छात्रवृत्ति नही मिल पायेगी।**
07. इस सत्र भी छात्रवृत्ति केवल छात्र/छात्रा के बैंक खातों से जारी की जायेगी अतः पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए छात्र/छात्रा का भारतीय स्टेट बैंक या राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता होना अनिवार्य है। (बैंक खाता आधार नंबर से लिंक होना अनिवार्य है।)

08. ऐसे छात्र/छात्रा जिनका बैंक खाता, Inactive है अथवा जनधन योजना के तहत खोला गया है। वे छात्र/छात्रा अपने खाते में प्रत्येक एक महिने के अन्तराल में नगद राशि जमा करें, ताकि बैंक खाता बंद न हो (प्रत्येक बैंक के खाते में जमा करने की निर्धारित न्यूनतम जमा राशि होती है)। 06 माह से अधिक समय तक ट्रान्जेक्शन नहीं होने के कारण Inactive Account में राशि ट्रान्सफर नहीं हो पाता है। ट्रान्जेक्शन नहीं करने की स्थिति में बैंक खाता बंद होने एवं छात्रवृत्ति जमा न होने की पूर्ण जिम्मेदारी विद्यार्थी की होगी।

09. महाविद्यालय द्वारा एक सत्र में किसी एक ही छात्रवृत्ति के लिए आवेदन संबंधित संस्था को अग्रेषित किया जायेगा।

10. छात्र/छात्रा द्वारा हार्डकॉपी कार्यालय में जमा न करने की स्थिति में छात्र/छात्रा की छात्रवृत्ति का ऑनलाईन आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा, जिसकी जिम्मेदारी विद्यार्थी की होगी।

11. महाविद्यालय के नियमित बी.ए./बी.कॉम./बी.एस.सी. द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र/छात्रा अपने पूर्व एप्लीकेशन आईडी से ही आवेदन करें। अन्य महाविद्यालय से आये नये छात्र/छात्रा ( पूर्व में पो.मै.छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया था) अपने पूर्व एप्लीकेशन आईडी से ही आवेदन करें तथा महाविद्यालय का नाम शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला भरें।

12. महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र/छात्रा (पूर्व में पो.मै.छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया था एवं इस वर्ष इस महाविद्यालय में प्रवेश लिया है) अपने पूर्व एप्लीकेशन आईडी से ही नवीनीकरण आवेदन (Renewal Application) आवेदन करें।

13. नियमित बी.ए./बी.कॉम./बी.एस.सी. द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र/छात्रा जिन्होंने पूर्व में कभी भी पो.मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन नहीं किया है, वे नवीन आवेदन (Fresh Application) भरेंगे।

नोट :– **विद्यार्थी द्वारा ध्यानपूर्वक आनलाईन आवेदन भरा जावें एवं अपने प्रमाण पत्रों के अनुसार सही जानकारी दी जावें। गलत जानकारी प्रदान करने पर छात्रवृत्ति निरस्त होने की जिम्मेदारी छात्र/छात्रा की होगी ।**

Principal
Madan Lal Sahu Govt. College
Armarikala, Distt. Balod (C.G.